

## एक नजर में




### 28 को 25 हजार कन्याओं का पूजन

**उज्जैन।** शहर में पहली बार नवरात्रि में 28 सितम्बर रविवार को 121 स्थानों पर 25 हजार कन्याओं का एक समय पर पूजन किया जायेगा। इस आयोजन में 5 हजार वॉलंटियर जुटे तैयारी में, 30 विधायक, 10 सांसद व 5 मंत्री सहित शहर के अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शहर में पहली बार नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन का बड़ा आयोजन होने जा रहा हैं। इसके तहत 121 स्थानों पर 25 हजार कन्याओं का एक वक्त पर पूजन किया जाएगा। ये आयोजन 28 सितंबर 2025 को छठ की सुबह होगा। यह बात आयोजन समिति के संयोजक विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। स्नातन संस्कृति के ज्ञान बोध से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस नवरात्रि कन्या पूजन महोत्सव के लिए लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन समिति करीब छह महीने पहले से तैयारी जुटी हुई हैं। समिति के संयोजक व महोत्सव के सूत्रधार विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा है। उनके नेतृत्व में महोत्सव के लिए 13 वर्ष से कम आयु वर्ग वाली कन्याओं का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से 30 जुलाई तक किया गया। अब कार्यक्रम स्थलों के लिए कन्याओं को प्रवेशिका के साथ ही आमंत्रण पत्र भी भेंट किए जा रहे हैं। महोत्सव की तैयारी में स्थानीय लोगों के सहित करीब पांच हजार वॉलंटियर जुटे हुए हैं। महोत्सव 28 सितंबर को सुबह 9 .30 से 11 .30 बजे तक शहर के 121 स्थानों पर होगा। जहां 25 हजार कन्याएं जुटेंगी। इनका पूजन क्षेत्र के स्थानीय लोग करेंगे। कन्या पूजन के महत्व विषय पर मुख्य वक्ता संबोधित करेंगे। महोत्सव में प्रदेश के 30 विधायक, 10 सांसद व 5 मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। संघ व अनुशासित संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में समिति के सह संयोजक जगदीश पांचाल, दिनेश ज़ाटवा उपस्थित थे।

### उज्जैन में आज होगा चिपको आंदोलन



**उज्जैन।** वृक्षमित्र सेवा समिति और सभी पर्यावरण प्रेमी संस्थाओ के संयुक्त तत्वावधान मे आज उज्जैन में पहली बार चिपको आंदोलन किया जा रहा है। अजय भातखंडे ने बताया कि फ्रीगंज के नवनिर्मित होने वाले पुल के कारण दो शानदार कपोक के विशालकाय वृक्ष की बली ली जा रही है। इन विशालकाय जुड़वा वृक्षों को बचाने के लिए मानव श्रृंखला और चिपको आंदोलन आज बुधवार शाम 4 बजे किया जा रहा है। सभी पर्यावरण प्रेमियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जिलाधीश को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा। अजय भातखंडे के अनुसार यह कपोक वृक्ष बेहद अद्भुत है। लगभग 100 फुट की उचाई लिए 60 से 65 वर्ष की आयु वाले ये कपोक वृक्ष है, जो उज्जैन की शान है। इस तरह के पूरे शहर मे केवल यही वृक्ष है। इन वृक्षों को बचाने हेतु आम जन से आंदोलन में शामिल होने की अपील प्रवीण साठे, आशुतोष पंडित, मिलिंद लेले, राजीव पहावा, गोपाल महाकाल, शशांक शुक्ला, प्रवीण बहुलकर, दुर्गेश जोशी, अभिमान विश्वास, अजय तत्वाड़े, हेमंत भाटी, सुधांशु विश्वास एवं समस्त पर्यावरण प्रेमियों ने की है।




### मालवीय ने दी लोकगायन की प्रस्तुति

**उज्जैन।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बगलामुखी माता मंदिर, नलखेड़ा में आयोजित 'शक्ति पर्व' में रागिनी मालवीय द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति गई। मुख्य गायिका रागिनी मालवीय के साथ कबीर मालवीय, यशस्विनी निगम, मास्टर वीरांश चौहान द्वारा सह गायन किया गया। सुन्दर लाल मालवीय हारमोनियम पर, सूरज चकरावादिया ढोलक, वैभव भावसार तबला, रविराज कीबोर्ड तथा सोनू राव ने पेड पर संगत की। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति संचालनालय द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर शक्ति पर्व का आयोजन मां बगलामुखी माता मंदिर, नलखेड़ा में किया गया। जिसमें रागिनी मालवीय द्वारा लोकगायन के माध्यम से यहां की लोक संस्कृति, परम्परा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे। रागिनी मालवीय उज्जैन से राष्ट्रीय लोक गायक सुन्दर लाल मालवीय की पुत्री हैं। रागिनी की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की वहीं एसडीएम द्वारा रागिनी का सम्मान किया गया।




### महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। रासेयो प्रभारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत रासेयो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नशामुक्त भारत और नगर स्वच्छता जनजागरूकता अभियान के अन्तर्गत नमो मैराथन में सहभागिता की और ऊर्जा संरक्षण पर केंद्रित विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधियों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



### मंच पूजन एवं सुंदर कांड की प्रस्तुति

**उज्जैन।** श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वावधान में 51वां शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को मां हरसिद्धि मंच का पूजन मंडल पदाधिकारियों ने किया गया एवं विक्रमादित्य सभागृह में सुन्दर पाठ का पूजन हरसिद्धि मंदिर पुजारी राजू गिरी गोस्वामी ने संपन्न की। सुन्दर कांड की प्रस्तुति गोपाल झा एवं कलाकारों ने की। इस अवसर पर मंडल के शिवनारायण चौबे, राजेंद्र जोशी, ज्ञानेश्वर दुबे, प्रमेंद्र यादव, वीरेन्द्र नामदेव, पवन नागर, संतोष जाधव, वीरेंद्र शर्मा, राजेश अखंड, राजेश नागर, वीरेन्द्र परमार आदि मौजूद रहे।

# दुनिया में सिंहस्थ बने एक मिसाल, जरा उज्जैन पहुंच कर जानो आंखों देखा हाल

## मंत्री विजयवर्गीय ने अफसरों से कहा महाकाल नगरी जाओ, सिंहस्थ की तैयारियों पर मंत्री और अफसरों की हुई चर्चा, गुणवत्ता और समयसीमा पर फोकस

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में होने वाला सिंहस्थ कुंभ सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वर्ष 2028 में आयोजित होने वाला सिंहस्थ, करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों का स्वागत करेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा विकास और निर्माण कार्यों का खाका तैयार किया है। ऐसे में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अफसरों से उज्जैन जाकर सिंहस्थ की तैयारी देखने के आदेश दिए हैं।**






दरअसल नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सिंहस्थ का अच्छा खासा अनुभव है। विश्व में उज्जैन के प्रभारी मंत्री रह चुके हैं सिंहस्थ के आयोजन उनकी देखरेख में संपन्न हुए हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैलाश विजयवर्गीय को अहम मंत्रालय सौपा है और विजयवर्गीय ने अधिकारियों को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वह उज्जैन जाकर वस्तु स्थिति स्वयं देखें। इंदौर-उज्जैन मार्ग को 6 लेन में चौड़ा करने का काम (लागत: 1,692 करोड़ रुपये)। 49 किलोमीटर लंबा वैकल्पिक 4 लेन मार्ग तैयार होगा (लागत: 950 करोड़ रुपये)। उज्जैन से जुड़े धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाली सभी सड़कों के चौड़ीकरण पर काम तेजी से होगा।

सिंहस्थ के दौरान सबसे बड़ी चुनौती यात्रियों के आवागमन की रहती है। इस बार रेलवे और बस सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के पास स्नान-गृह और सुलभ कॉम्पलेक्स बनाए जाएंगे। बस स्टैंड का उन्नयन होगा ताकि लाखों श्रद्धालु आसानी से यहां से आवागमन कर सकें। इन निर्माण कार्यों से उज्जैन को आधुनिक सुविधाओं से लैस नया स्वरूप मिलेगा। महाकाल लोक की तर्ज पर सिंहस्थ के लिए विकसित हो रही व्यवस्थाएं उज्जैन को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगी। दिसम्बर 2027 तक सभी काम पूरे करने का लक्ष्य है। मप्र सरकार ने साफ किया है कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य दिसंबर 2027 तक पूरे कर लिए जाएं। सिंहस्थ के दौरान स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं की तैनाती होगी। पीने के पानी और ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े कामों पर तेजी से काम चल रहा है। संस्कृति और पर्यटन विभाग की भूमिका भी रहेगी।

### 11,909 करोड़ की विकास योजनाएं

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुआ कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरे हों और वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करें। 11 हजार 900 करोड़ की विकास योजनाएं अभी प्रचलित है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए 11,909 करोड़ रुपये की लागत से 132 बड़े कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें से 673 करोड़ रुपये की राशि जारी भी हो चुकी है। कैलाश विजयवर्गीय ने अहम जानकारी से अफसरो को अवगत कराते हुए कहा कि किसी भी काम में कोताही ही नहीं बरती जाना चाहिए।

### घाट का विस्तार, शिप्रा शुद्धिकरण

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सिंहस्थ-2028 सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन का भी महोत्सव होगा। संस्कृति विभाग बड़े आयोजन करेगा। पर्यटन से जुड़े स्थलों का विकास होगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के अवसर बढ़ेंगे। रेलवे की योजनाएं रेलवे मंत्रालय गई है, घाट, नदियां और धार्मिक क्षेत्र का विकास हो रहा, कान्ह नदी का डायवर्जन किया जाएगा। क्षिप्रा नदी में जल प्रवाह की निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी ताकि श्रद्धालु पवित्र स्नान कर सकें। घाटों का पुनर्निर्माण और विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा मेला क्षेत्र की मैपिंग भी की जाएगी। जिससे भीड़ नियंत्रण में रहेगी।

# आबकारी की चार ढाबों पर दबिश, शराब के साथ 5 गिरफ्तार

**उज्जैन।** आबकारी विभाग की टीम ने नगर निगम सीमा में होटल-ढाबों पर दबिश मारी। चार ढाबो से 57 देशी शराब के क्वार्टर, 8 कैन पावर बीयर, एक लीटर व्हिस्की जप्त की गई।



राज्य शासन ने 1 अप्रैल से धार्मिक नगरी की नगर निगम सीमा में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद अवैध शराब का कारोबार और परिवहन होना सामने आ रहा है। जिस पर अंकुश लगाने के लिये आबकारी की टीमें लगातार दबिश दे रही है। बीती रात प्रभारी सहायक आयुक्त निधि जैन के निर्देशन में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने इंदौररोड स्थित नगर निगम सीमा में संचालित होने वाले ढाबो पर दबिश दी। इस दौरान महफिल ढाबा, चूल्हा चौका, हवेली ढाबा, बाबा का ढाबा और डेंडिया स्थित गुमटी से अवैध शराब बरामद हो गई। आबकारी की टीम ने महफिल ढाबे से अजय सिंह पिता राज सिंह सोलंकी के साथ अजय पिता हरी सिंह ठाकुर, चूल्हा चौका ढाबा से उत्तम पिता रामावतार और आशीष पिता संतोष जाटवा, हवेली ढाबा से श्यामलाल पिता हेमराज प्रजापत, बाबा ढाबा से सूरज पिता जगदीश तथा डेंडिया स्थित गुमटी से सुनील पिता दिनेश को गिरफ्तार कर किया। अवैध शराब के पांच मामले दर्ज किये गये है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 (ए) 36 (बी) 34 (1) (ए) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना की जा रही है। 2 दिन पहले भी आबकारी की टीम ने अन्नू का ढाबा और सिंदल ढाबे पर दबिश देकर शराब बरामद की थी। रात में हुई आबकारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रतीक गुप्ता, हिंमाशु अग्रवाल, मयंक राठौर, आरक्षक जगदीश रेशमिया, महेश कछवाए, तुषार, आरती, पायल, शिवानी शामिल रही।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर होटल में किया दुष्कर्म

उज्जैन। नौकरी दिलाने के नाम पर युवती को होटल में ले जाकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि सेठीनगर में रहने वाली 20 वर्षीय युवती का परिचय श्रवण नाम युवक से हुआ था। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई थी। श्रवण ने युवती को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और मिलने के लिये बुलाया। युवती मिलने पहुंची तो श्रवण उसे इंदौररोड नवाखेड़ा की होटल ले गया और बताया कि कंपनी के अधिकारी आने वाले है। उसने युवती को एक कमरे में ठहराया और कुछ देर बाद कमरे में आकर जबरदस्ती गलत काम किया। नानाखेड़ा थाना एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपित युवक की तलाश जारी है, जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# नई शिक्षा नीति रोज़गार के अवसर प्रदान करती है : डॉ . धीरेन्द्र शुक्ल

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला पहला राज्य है। 28 अगस्त 2021 को यह नीति भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में लागू की गई। यह विद्यार्थियों को अन्तर विषयक अध्ययन की सुविधा प्रदान करती है। वे यदि पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं और वापस आना चाहते हैं तो उन्हें मौका दिया जाता है। यह नीति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती है। उन्हें आगे बढ़ने के अवसर का उपयोग करना बताती है। हमारे छात्र स्वयं पोर्टल पर भी स्वयं को पंजीकृत करवा रहे हैं। हमें अपने विद्यार्थियों को अच्छे कैरियर का चुनाव करने और प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह नीति विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने पर भी बल देती है।

ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार शुक्ल ने व्यक्त किए। माधव कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह द्वारा स्वागत वक्तव्य प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हम एक विशेष प्रकार के कॉलेज में हैं। इसलिए हम को कुछ अलग अंदाज़ में काम करना होगा। यह शिक्षा नीति ऐसे शोधार्थी तैयार कर रही है जो देश को आगे बढ़ा सकें। विकसित भारत का स्वप्न शिक्षा के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। जाने माने शिक्षाविद वरुण गुप्ता ने कहा कि नई शिक्षा नीति में सीखने पर बल दिया गया है। छात्रों को अपनी प्रतिभा और रुचि के प्रदर्शन का मौका दिया गया है ताकि वे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध संस्थान के अध्यक्ष डॉ डी डी बेदिया ने परीक्षा संचालन और मूल्यांकन पर मार्गदर्शन दिया। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य डॉ. प्रशान्त पुराणिक ने कहा कि पहले विद्यार्थियों में रचनात्मकता समाप्त हो रही थी। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने डॉ. धीरेंद्र स्रह्ममार शुक्ल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संचालन डॉ. जफर महमूद द्वारा किया गया। डॉ. शोभा मिश्र, डॉ. अंशु भारद्वाज, डॉ. मंसूर खान, शुक्ल सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे। सरस्वती वंदना डॉ नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की। डॉ मृदुल चन्द्र शुक्ल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## भोपाल में महापौर मुकेश टटवाल सम्मानित



**उज्जैन।** मंगलवार को भोपाल में आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल को मोमेंटो भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। फ्री प्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के समस्त नगर निगम के महापौर को आमंत्रित किया गया था। जिसमें नगर निगम उज्जैन द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को ध्यान में रखते हुए भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में उज्जैन नगर निगम के महापौर मुकेश टटवाल को सम्मानित किया गया।

# एंबुलेस ड्राइवर ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में लिखें ससुराल वालों के नाम, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**उज्जैन।** ड्राइवरी करने वाले युवक ने सोमवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। आत्महत्या से पहले युवक ने सुसाइड नोट लिखा था जिसमें पत्नी और ससुराल वालों के नाम लिखे हैं और कड़ी सजा दिए जाने की बात कही है।

गधा पुलिया पर रहने वाला जेम्स पिता पैट्रिक मावी 32 ड्राइवरी करता था और निजी अस्पताल की एंबुलेंस भी चलता था। सोमवार रात कितने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया इस दौरान परिजनों ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से पहले जेम्स में सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें पत्नी पुष्पा और ससुराल वालों के नाम लिखे थे। पत्नी कुछ महीनो से मायके में रह रही थी और फोन पर उसे अपशब्द कहती थी। ससुराल वाले भी प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने परिजनों के बयान देखकर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। जेम्स का विवाह 6 माह पहले हुआ था।

### कार चालक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

उज्जैन। बाइक सवार युवक को सोमवार मंगलवार रात तेज गति से आई कार ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान मंगलवार सुबह हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर और मोती नगर के बीच बाइक सवार युवक को तेज गति से आ रही कार के चालक में कुचल दिया था। दुर्घटना स्थल से एंबुलेंस बाइक सवार को अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों में उनसे मृत्यु घोषित कर दिया। उसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था बाइक नंबर से उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए। मंगलवार सुबह मृतक युवक की पहचान निलेश पिता अंतू सिंह निवासी लाल बहादुर शास्त्री मार्ग इंदौर रोड के रूप में हुई। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि निलेश मिस्त्री का काम करता था और रात में साइट पर जाने का बोलकर निकला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा। वही कर नंबर सामने आने के बाद चालक की तलाश शुरू की है।

**माता की सवारी** — घुड़सवार, पुलिस बैंड सहित नंदी व गरुड़ के रथ शामिल, दशहरे पर बाबा महाकाल जायेंगे फ्रीगंज, यहां से दशहरा मैदान पहुंचेंगे

# महाकाल से चांदी की पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकली माता पार्वती

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर से मंगलवार को उमा यानी माता पार्वती भक्तों को दर्शन देने के लिए चांदी की पालकी में सवार होकर निकली। सवारी शाम 4 बजे मंदिर से शुरू हुई। वर्ष में केवल एक बार ही यह मौका आता है जब उमा-सांझी महोत्सव के समापन पर बाबा महाकाल की जगह माता पार्वती की सवारी निकाली जाती है।



सवारी से पूर्व सभामंडप में पुजारी आशीष गुरु ने माता पार्वती की चांदी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात सवारी महाकाल चौराहे से तोपखाना होते हुए दौलतगंज चौराहा, फव्वारा चौक, नईसड़क, कंठाल, सतीगेट, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी, पानदरीबा, कार्तिकचौक, रामानुजकोट होकर शिप्रा के रामघाट पहुंची। शिप्रा के तट पर उमा की संजा यानी रंगोली का पूजन कर पंडे-पुजारियों ने नाव में बैठकर नदी के बीच में जाकर विसर्जन किया। सवारी यहां पुन: रामानुजकोट, कहारवाड़ी, गुदरी होकर महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

पार्वती की सवारी निकलने के बाद अब महाकाल मंदिर से दशहरे पर भगवान महाकाल की सवारी निकलेगी। वर्ष में केवल एक बार बाबा महाकाल की सवारी महाकाल मंदिर से शुरू होकर नए शहर फ्रीगंज में दशहरा मैदान तक जाती है। जहां विजय के प्रतीक शमी का पूजन किया जाता है।

### महाकाल में अर्धनग्न होकर युवक बॉडी बिल्डिंग कर रील बना रहा था



महाकाल मंदिर के महाकाल लोक में एक युवक अर्धनग्न होकर बॉडी बिल्डिंग कर रील बनाते नजर आया। युवक जब रील सोशल मीडिया पर वायरल की तब यह मामला सार्वजनिक हुआ। अब समिति युवक के खिलाफ कार्रवाई की बात कर रही है। समिति ने वीडियो की जांच की तो पता चला इंस्टाग्राम पर गोलू बंजारा के नाम से उक्त युवक अकाउंट चला रहा है। जिस पर यह वीडियो एक हफ्ते से चल रहा है। जिसमें उक्त युवक केवल केसरिया धोती पहने हुए महाकाल लोक में खड़े होकर बॉडी बिल्डिंग के पोज देते हुए रील बनाते दिख रहा है। युवक की इस हरकत पर हिंदू जागरण मंच के अर्जुन भदौरिया ने कहा कि मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर इस तरह की हरकत उचित नहीं है। महाकाल लोक में मंदिर के निजी सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं तो युवक को रील बनाते समय किसी ने क्यों नहीं रोका। इसकी भी जांच होना चाहिए।